अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म0प्र0)

क्रमांक/अकादमिक/दीक्षान्त समारोह/2026/1692 रीवा दिनांकः– 25-11-2026

विज्ञप्ति

विश्वविद्यालय का **14वॉ** दीक्षान्त समारोह दिनांक **26.12.2026** दिन–शनिवार को पं0 शम्भूनाथ शुक्ल सभागार में आयोजित किया जा रहा है। डी0लिट0/डी0एस–सी0 एवं पी–एच.डी. (08 दिसम्बर 2025 से 10 दिसम्बर 2026 तक) प्राप्त तथा सत्र 2025–26 में स्नातकोत्तर परीक्षा उत्तीर्ण जो छात्र/छात्रायें गौरवपूर्ण दीक्षांत समारोह में उपस्थित होकर उपाधि से विभूषित होना चाहते है वे दिनांक 15.12.2026 तक निर्धारित प्रपत्र के साथ रूपये–1200/– (बारह सौ रुपये) उपाधि शुल्क एवं रूपये –600/–(छः सौ) पंजीयन शुल्क तथा दिनांक 22 दिसम्बर 2026 तक अतिरिक्त विलम्ब शुल्क रूपये –500/– (पॉच सौ) के साथ आवेदन कर सकते हैं। निर्धारित प्रपत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.apsurewa.ac.in पर उपलब्ध है।

इस दीक्षान्त समारोह में डी0लिट0/डी0एस–सी0, पी–एच.डी., तथा स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त आवेदकों को ही उपाधि प्रदान की जायेगी।

नोट– जो छात्र/छात्रायें इस अवधि की उपाधि पूर्व में प्राप्त कर चुके हैं,उन्हे दीक्षान्त समारोह में उपाधि प्राप्त करने हेतु पंजीयन की पात्रता नहीं होगी।

आदेशानुसार,

कुलसचिव

विशेष नोटः– दीक्षान्त समारोह के कारण यह शुल्क 1200/– मान्य है। इसे भविष्य में उदाहरण न माना जावे।

पृष्ठांकन क्रमांक/अकादमिक/2026/1693 रीवा दिनांकः 25-11-2026

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषितः–

1. समन्वयक, दीक्षांत समारोह 2026
2. समस्त संयोजक, दीक्षांत समारोह समिति 2026
3. समस्त विभागाध्यक्ष, शैक्षणिक एवं प्रशासकीय विभाग, अ0 प्र0 सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म0प्र0)
4. प्राचार्य, विश्वविद्यालय, से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय।
5. विभागाध्यक्ष, कम्प्यूटर एप्लीकेशन, अ0 प्र0 सिंह वि0 वि0 रीवा (म0प्र0)
6. वित्त नियंत्रक/अ0 प्र0 सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म0प्र0)
7. सहायक कुलसचिव परीक्षा विभाग, अ0 प्र0 सिंह वि0 वि0 रीवा (म0प्र0)
8. सहायक कुलसचिव, प्रशासन/गोपनीय/भण्डार विभाग अ0प्र0 सिंह वि0 वि0 रीवा (म0प्र0)
9. आवेदन फार्म उपाधि प्रकोष्ठ में जमा करें, अ0 प्र0 सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म0प्र0)
10. नोडल अधिकारी एम.पी. ऑनलाईन कृपया उक्त अधिसूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।
11. कुलगुरु जी के सचिव/कुलसचिव के निज सहायक।
12. सम्पादक महोदय.....कृपया उक्त विज्ञप्ति अपने लोकप्रिय समाचार पत्र में समाचार वृत्त के रूप में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

सहायक कुलसचिव (अकादमिक)